वी.यू. में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आज समापन माननीय कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसमें अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करने के उपरांत विभिन्न 6 तकनीकी सत्रों में पढ़े गए शोध पत्रों के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि ने सभी पुरूस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को बधाई दी। जिसमें तकनीकी सत्र में जीनोम इंजिनियरिंग और प्रोघौगिक अनुसंधान के पोस्टर सत्र में डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. बेहरा, डॉ. निखिल के.सी. को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। एवं मौखिक सत्र में डॉ. डेचेमा एच. जे., डॉ. प्रियदर्शनी एम. व डॉ. मुकेश कुमार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार प्राप्त हुआ। तकनीकी सत्र द्वितीय–जैव विश्लेषणात्मक और वैज्ञानिक तकनीक और टीका उत्पासदन के पोस्टीर प्रदर्शन में डॉ. रंजीता एन.एम., डॉ. हिमालय भरद्वाज एच., एवं डॉ. शुभ्रदल नाथ, व डॉ. आदित्य अग्रवाल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। एवं मौखिक प्रस्तुति में डॉ. मेघा कटारे पांडेय को प्रथम डॉ. वरूणा पनिकर को द्वितीय तथा डॉ. सोनाली बोरकर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। तीसरे तकनीकी सत्र तृतीय क्लीनिकल और पोषण आहार जैव रसायन के पोस्टर प्रेजेंटेशन में डॉ. चंचल सिंह, डॉ. बरखा गुप्ता एवं डॉ. मुकेश कुमार को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस सत्र के मौखिक प्रस्तुति में डॉ. पी.के. यादव को प्रथम डॉ. मिरनल सिंह को द्वितीय तथा डॉ. निधि गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। तकनीकी सत्र चतुर्थ संरचनात्मक जैव सूचना विज्ञान और आणविक जैव रसायन के पोस्टर प्रदर्शनी में डॉ. रूपेश वर्मा डॉ. आनंद कुमार जैन एवं डॉ. चीनू एम. वी. को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस सत्र के मौखिक प्रस्तुति में डॉ. हिमालय भरद्वाज को प्रथम, डॉ. दिव्या. पी.डी. को द्वितीय तथा डॉ. वंदना गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

तकनीकी सत्र 5 पशु जैव रसायन और जैव प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर छात्रों के पोस्टर प्रदर्शन में डॉ. असद खान को प्रथम, डॉ. अपेक्षा खरे व डॉ. वर्षा मिश्रा को द्वितीय एवं डॉ. वर्षा मिश्रा व डॉ. सलिल पाठक को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस सत्र के मौखिक प्रस्तुति में डॉ. वर्षा मिश्रा को प्रथम डॉ. चंचल सिंह को द्वितीय तथा डॉ. सलिल कुमार

पाठक को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी श्रेणी के पीएचडी छात्रों में प्रथम पुरस्कार डॉ. आर. वानखेड़े को एवं डॉ. घनश्याम साहू व डॉ. कमल किशोर को द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी श्रेणी में पीएचडी छात्रों में डॉ. अशद खान को प्रथम डॉ. कमल किशोर को द्वितीय तथा डॉ. कोमल को तृतीय सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन में निष्ककर्ष/अनुशंसा वर्तमान परिवेक्ष्य में पशुओं की बीमारियों के रोग निदान, वैक्सीन उत्पादन एवं दवाईयों के निर्माण हेतु वायोकैमिस्ट्री व बायोटेक्निोलॉजी का उपयोग करते हुये पशु उत्पादन बढाया जायें व पशुओं के रोगो का निवारण किया जाए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण वेटरनरी महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक गण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. पूर्णिमा द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त आयोजन सचिव अनिल गटानी के द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

ना. दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर